राहत

धनौरा सब-स्टेशन की क्षमता हुई दोगुनी, 10 MVA का पावर ट्रांसफार्मर स्थापित

# बिजली संकट से मिलेगी राहत



**नवभारत/ नरसिंहपुर/ साईखेड़ा।** क्षेत्र के किसानों और ग्रामीणों को लंबे समय से सता रही लो-वोल्टेज और बिजली कटौती की समस्या से अब बड़ी राहत मिलने जा रही है। विद्युत विभाग के वार्षिक कार्ययोजना (वर्क प्लान) के अंतर्गत 11 केवी धनौरा सब-स्टेशन की क्षमता में ऐतिहासिक वृद्धि की गई है। यहाँ स्थापित 5 MVA के पुराने पावर ट्रांसफार्मर को हटाकर अब 10 MVA का उच्च क्षमता वाला ट्रांसफार्मर सफलतापूर्वक ऊर्जीकृत कर दिया गया है।

### वोल्टेज की समस्या का होगा स्थायी समाधान

धनौरा और उसके आसपास के दर्जनों गांवों में पिछले काफी समय से ओवरलोडिंग के कारण वोल्टेज कम रहने की शिकायतें आ रही थीं। विशेष रूप से रबी और खरीफ के सीजन में सिंचाई के दौरान ट्रांसफार्मर पर दबाव बड़ जाता था, जिससे मोटर पंप जलने और ट्रिपिंग की समस्या आम थी। अब क्षमता दोगुनी हो जाने से न केवल कृषि पंपों को पर्याप्त वोल्टेज मिलेगा, बल्कि घरेलू उपभोक्ताओं को भी निर्बाध बिजली आपूर्ति सुनिश्चित होगी।

### इनकी रही विशेष भूमिका

इस चुनौतीपूर्ण क्षमता वृद्धि कार्य को समय सीमा के भीतर पूर्ण करने में स्थानीय टीम का विशेष योगदान रहा। विभाग के ऑनलाइन कर्मचारी भागेन्द्र बड़कुर और योगेन्द्र गुर्जर ने अपनी कर्तव्यनिष्ठा का परिचय देते हुए इस कार्य को संपन्न कराया। इस दौरान विद्युत विभाग के अन्य तकनीकी कर्मचारी भी उपस्थित रहे, जिनकी कढ़ी मेहनत से सब-स्टेशन के अपग्रेडेशन का कार्य बिना किसी बड़ी बाधा के पूरा हुआ।

### ग्रामीणों में हर्ष की लहर

क्षमता वृद्धि की इस खबर से क्षेत्र के किसानों और स्थानीय निवासियों में खुशी का माहौल है। ग्रामीणों का कहना है कि वोल्टेज सुधरने से अब बिजली उपकरणों के खराब होने का डर कम होगा और खेती-किसानी के कार्यों में भी गति आएगी। विभाग के इस कदम को क्षेत्र के बुनियादी ढांचे की मजबूती की दिशा में एक बड़ा सुधार माना जा रहा है।

## परमहंसी में राजराजेश्वरी का मोर पंखों से हुआ मनमोहक श्रृंगार

**नवभारत/गोटेगांव।** समीपवर्ती धार्मिक स्थल परमहंसी गंगाआश्रम झोतेश्वर स्थित श्री वानम की हरी हरी हरियाली से सुसज्जित पहाड़ियों के बीचो-बीच अनोखी छटा बिखरने वाला अतिसुंदर कलात्मक आकर्षक मनमोहक भव्य मंदिरजी में विराजमान अनंतकोटि ब्रह्मांड नायिका ललिता पराम्बा जगदंवा मांभगवती त्रिपुरसुंदरी माँराजराजेश्वरी माताजी का चैत्र नवरात्रि पावन पर्व नवसंवत्सर के शुभ अवसर पर प्रतिदिन अलग अलग रूप में श्रृंगार किया जाता है, इसी के चलते वासंतिक चैत्र नवरात्रि के छठवें दिवस मॉ राजराजेश्वरी मैयाजी का माता किष्किंधा मैयाजी के स्वरूप में अतिसुंदर अलौकिक मुलायम कोमल मोर पंखों से सुसज्जित मनोहरी आकर्षक दिव्य दर्शन हेतु भव्य श्रृंगार किया गया, मनभावक अद्वितीय श्रृंगार को देख कर श्रद्धालुओं का मन दर्शन करते ही प्रफुल्लित हो उठने के उपरांत मैयाजी के दरबार में श्रद्धालुबंधुओं द्वारा विशेष पूजन अर्चन आरतीवंदन करने के पश्चात ब्रह्मलीन जगतगुरु शंकराचार्य स्वामी श्री स्वरूपानंद सरस्वती महाराजजी के समाधि स्थल पर जाकर दर्शन करने का सौभाग्य प्राप्तकर धर्म लाभ उठाकर अपना मानव जीवन का कल्याण कर रहे है।

# खतरनाक हुई करकबेल-मचवारा सड़क



**नवभारत/गोटेगांव।** समीप करकबेल स्थित प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना के अंतर्गत निर्मित करकबेल-बरगी-मचवारा-खापा सड़क मार्ग वर्तमान में अपनी बदहाली पर आँसू बहा रहा है। क्षेत्र में सड़कों का जाल तो बिछा दिया गया है, लेकिन निर्माण के बाद उनके उचित रखरखाव और मरम्मत पर जिम्मेदार विभाग कोई ध्यान नहीं दे रहा है। यह मार्ग समीपवर्ती ग्राम धमना और सांकल सड़क से जुड़ा हुआ है, जिससे प्रतिदिन सैकड़ों ग्रामीण नरसिंहपुर और गोटेगांव की ओर आवागमन करते हैं। सड़क की स्थिति इतनी जर्जर हो चुकी है कि पूरी राह जानलेवा गड्ढों में तब्दील हो गई है। इसके साथ ही सड़क के दोनों ओर उगी कंटीली झाड़ियों ने मार्ग को और भी संकरा बना दिया है। इन झाड़ियों के कारण मोड़ पर सामने से आने वाले वाहन दिखाई नहीं देते, जिससे दोपहिया और चार पहिया वाहनों के बीच दुर्घटना की आशंका सदैव बनी रहती है। रात के समय स्थिति और भी भयावह हो जाती है क्योंकि विजिबिलिटी बेहद कम हो जाती है। क्षेत्रीय ग्रामीणों ने शासन-प्रशासन से पुरजोर मांग की है कि सड़क के किनारे फैली इन झाड़ियों की शीघ्र कटाई कराई जाए और सड़क के जानलेवा गड्ढों की मरम्मत कर मार्ग को चलने योग्य बनाया जाए। ग्रामीणों का कहना है कि यदि समय रहते ध्यान नहीं दिया गया, तो यहाँ किसी भी दिन कोई बड़ी अप्रिय घटना घट सकती है। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द सुधार नहीं हुआ तो वे उग्र आंदोलन के लिए बाध्य होंगे।



## नमामि का सुयश

**नवभारत/तेंदूखेड़ा।** विगत दिवस घोषित हुए राव रुकमणी देवी पब्लिक स्कूल के परीक्षा परिणामों में कक्षा नवमी की छात्रा कु नमामि शर्मा सुपुत्री श्रीमती गीता लक्ष्मीनारायण शर्मा ने 91 प्रतिशत अंक ए वन श्रेणी हासिल की है। नमामि की इस सफलता पर शुभचिंतकों ने बधाईयां प्रेषित की हैं।

## प्रदेश में कक्षा 5 वीं व 8 वीं में नरसिंहपुर अव्वल

**नवभारत/नरसिंहपुर।** मध्यप्रदेश में घोषित कक्षा 5 वीं एवं 8 वीं के परीक्षा परिणामों में नरसिंहपुर जिले ने एक बार फिर शानदार प्रदर्शन करते हुए प्रदेश स्तर पर शीर्ष स्थान हासिल कर अपनी श्रेष्ठता कायम रखी है। जिले ने कक्षा 5 वीं में 98.63 प्रतिशत और कक्षा 8 वीं में 99.38 प्रतिशत का उत्कृष्ट परिणाम दर्ज किया। कलेक्टर रजनी सिंह ने कक्षा 5 वीं एवं कक्षा 8 वीं की वार्षिक परीक्षा में जिले द्वारा प्रदेश में अव्वल इसी तरह सीईओ जिला पंचायत गजेन्द्र सिंह नागेश ने भी अधिकारियों को शुभकामनाएं दी। कलेक्टर श्रीमती रजनी सिंह ने इस उल्लेखनीय उपलब्धि पर जिले के सभी शिक्षकों, विद्यार्थियों एवं अभिभावकों को बधाई देते हुए।



## प्रतिदिन हो रही बेटियों की पूजा व वृद्ध सम्मान 25 को होगा मेधावी छात्राओं का सम्मान

**नवभारत/ गाडरवारा।** चैत्र नवरात्रि के पावन अवसर पर जहां पूरे भारत में माँ दुर्गा की आराधना की जा रही है, वहीं गाडरवारा के कोड़िया रोड स्थित बीजासेन दरबार में एक अनूठी और प्रेरणादायक परंपरा देखने को मिल रही है। नगर के वरिष्ठ समाजसेवी मुकेश बसेड़िया द्वारा स्थापित जवारे एवं श्री दादाजी धूनी वालों की दिव्य कुटी इन दिनों विशेष चर्चा का विषय बनी हुई है। यहां प्रतिदिन मां विजयासन एवं देवी-देवताओं के पूजन के पश्चात मंदिर परिसर में आने वाली प्रत्येक बेटी का विधि-विधान से पूजन किया जाता है। बेटियों के चरण धोकर उनका सम्मान किया जाता है तथा उन्हें श्रृंगार सामग्री के साथ-साथ शिक्षा प्रोत्साहन हेतु पठन-पाठन सामग्री भेंट की जाती है। इसके साथ ही आगंतुक वृद्धजनों को तिलक लगाकर मच्छरदानी एवं वस्त्र प्रदान कर सम्मानित किया जा रहा है। इस संबंध में जानकारी देते हुए मुकेश बसेड़िया ने बताया कि यह आयोजन पिछले 23 वर्षों से निरंतर आयोजित किया जा रहा है, जो माँ दुर्गा के जीवंत स्वरूप मानी जाने वाली बेटियों को समर्पित है। उन्होंने बताया कि 25 मार्च को बीजासेन मैया के दरबार में क्षेत्र की मेधावी छात्राओं का सम्मान समारोह आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम के निर्देशक वरिष्ठ शिक्षक पवन मिश्रा ने क्षेत्र के सभी नागरिकों से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की है।

# विशेष अवधिया बने हिंदुत्व रक्षा महासंघ के नरसिंहपुर जिलाध्यक्ष

**नवभारत/ नरसिंहपुर।** हिंदुत्व रक्षा महासंघ द्वारा संगठन के विस्तार और सुदृढ़ीकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए नई नियुक्तियों की घोषणा की गई है। संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष, प्रख्यात कानूनविद एवं आध्यात्मिक विचारक डॉ. राव बहादुर सिंह ने कार्यकारी वर्ष 2026 के लिए श्री विशेष अवधिया को नरसिंहपुर (मध्य प्रदेश) का जिलाध्यक्ष नियुक्त किया है।

**संगठन को मजबूती देने की जिम्मेदारी:** राष्ट्रीय कार्यालय द्वारा जारी विज्ञप्ति के अनुसार, इस नियुक्ति का मुख्य उद्देश्य जिले में संगठन की जड़ों को मजबूत करना है। नव-नियुक्त जिलाध्यक्ष श्री अवधिया से यह अपेक्षा की गई है कि वे पूर्ण निष्ठा, अनुशासन और समर्पण के साथ कार्य करते हुए हिंदुत्व और गौसेवा के पावन अभियान को गति प्रदान करेंगे। साथ ही, उन्हें सनातन संस्कृति के संरक्षण और संवर्धन हेतु सक्रिय भूमिका निभाने की जिम्मेदारी सौंपी गई है।

**कार्यकर्ताओं को जोड़ने पर रहेगा जोर:** संगठन के शीर्ष नेतृत्व ने श्री अवधिया को निर्देशित किया है कि वे जिले में अधिक से अधिक सक्रिय सदस्य जोड़ें और जिला कार्यकारिणी का गठन राष्ट्रीय नेतृत्व की अपेक्षाओं के अनुरूप करें। उनसे यह भी आशा की गई है कि वे राष्ट्र, सनातन धर्म और संगठन के वरिष्ठ पदाधिकारियों के प्रति सम्मान और आज्ञा पालन की भावना के साथ कार्य करेंगे।

# जनपद में संकल्प से समाधान ब्लॉक स्तरीय शिविर आयोजित




**नवभारत/ तेंदूखेड़ा।** विगत दिवस प्रधानमंत्री माननीय नरेन्द्र मोदी तथा प्रदेश के मुख्यमंत्री डा मोहन यादव के नेतृत्व में चलाई जा रही विभिन्न जन कल्याण कारी योजनाएं सुशासन और स्वराज के संकल्प के साथ कार्य कर रही है। विभिन्न योजनाओं और सेवाओं का लाभ पात्र नागरिकों तक पहुँचाने के उद्देश्य से प्रदेश में 12 जनवरी से 31 मार्च तक संकल्प से समाधान अभियान संचालित किया जा रहा है। संकल्प से समाधान अभियान के अंतर्गत जनपद पंचायत चांवरपाठा में आयोजित शिविर में उपस्थित सभी अधिकारीगणों को क्षेत्रीय विधायक विश्वनाथ सिंह पटेल के द्वारा निर्देशित किया गया कि शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ हर पात्र व्यक्ति तक पहुंचे। यह सुनिश्चित करें कि कोई भी नागरिक किसी भी कारण से वंचित न रहे। आप सभी अपने-अपने क्षेत्र में सक्रिय रहकर पात्र हितग्राहियों की पहचान करें। उनकी समस्याओं को गंभीरता से सुनें और मौके पर ही समाधान करने का प्रयास करें। योजनाओं के क्रियान्वयन में पारदर्शिता संवेदनशीलता और तत्परता बनाए रखें। हमारा संकल्प है कि अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक शासन की योजनाओं का लाभ पहुंचे और उसे उसका अधिकार मिले। इसी उद्देश्य के साथ सभी पूरी निष्ठा और जिम्मेदारी के साथ कार्य करें। इस मौके पर क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों के साथ सभी विभागों के प्रशासनिक अधिकारी कर्मचारी बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

## एक नजर में



### भव्य कलश यात्रा से 57वां श्री विष्णु महायज्ञ एवं रामचरित मानस सम्मेलन प्रारंभ

**नवभारत/ चीचली।** बीते बुधवार से चीचली ब्लॉक अंतर्गत ग्राम इमलिया ( कल्याणपुर ) में श्री रामाश्रित सत्संग सभा के तत्वावधान में 57 वां श्री विष्णु महायज्ञ एवं रामचरित मानस सम्मेलन प्रारम्भ हो गया । यज्ञ के शुभारंभ अवसर पर पूरे गाँव मे बाजे गाजे के साथ विशाल कलश यात्रा निकाली गई। यात्रा मे मातृ शक्ति सिर पर कलश रखकर चल रही थी। यात्रा से गांव का पूरा माहौल धर्ममय हो गया। विदित हो कि 2 अप्रैल तक आयोजित होने वाले इस यज्ञ में प्रतिदिन दोपहर 2 बजे से शाम 6 बजे एवं रात्रि 8 बजे से 12 बजे तक प्रवचन कार्यक्रम होंगे। प्रवचन हेतु चित्रकूट से जगतगुरु कामदगिरी पीठाधीश्वर श्री रामस्वरूपाचार्य जी महाराज, श्री विपिन बिहारी जी महाराज, श्री राजीव लोचन दास जी महाराज सहित अन्य संतों को आमंत्रित किया गया है। आयोजन समिति एवं ग्रामवासियों ने क्षेत्रीय जनों से उपस्थिति की अपील की है।

### जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत बम्हौरी-तिंदी में जल मंदिर-प्याऊ की हुई स्थापना

**नवभारत/ नरसिंहपुर।** जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत मप्र जनअभियान परिषद नरसिंहपुर के धामना सेक्टर की नवांकुर संस्था सुदर्शन जनकल्याण समिति तथा नवांकुर संस्था जय ज्वाला शिक्षा प्रचार-प्रसार समिति नरसिंहपुर के संयुक्त तत्वावधान में ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति बम्हौरी-तिंदनी द्वारा जलशक्ति से नवभक्ति कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के तहत ठेमी तिराहा, मलाह पिपरिया में जल मंदिर-प्याऊ की स्थापना की गई, जिससे ग्रीष्मकाल में राहगीरों एवं आसपास के नागरिकों को शीतल पेयजल उपलब्ध कराया जा सकेगा। यह पहल जनसहभागिता के माध्यम से सेवा, परोपकार एवं जल संरक्षण की भावना को सशक्त करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है।

### बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ योजना के तहत 41 नवजात बालिकाओं को वितरित किए स्वागत किट

**नवभारत/ नरसिंहपुर।** बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ योजनांतर्गत बालिकाओं के जन्म को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से बुधवार को शासकीय जिला चिकित्सालय में जन्मी 41 नवजात बालिकाओं को स्वागत किट का वितरण किया गया। स्वागत किट में एक जो ?ी कप ?, क्रीम, ऑयल एवं नवजात बालिकाओं के लिए अन्य सामग्री शामिल हैं। इस अवसर पर महिला एवं बाल विकास विभाग की सहायक संचालक सुश्री प्राजंली मर्सकोले ने नवजात बालिकाओं और उनकी माताओं को स्वास्थ्य संबंधी जानकारी ली और उन्हें आवश्यक पोषण लेने की सलाह दी। उन्होंने बताया कि समाज में बालिकाओं के जन्म के प्रति सकारात्मक माहौल विकसित करने के लिए कलेक्टर श्रीमती रजनी सिंह के मार्गदर्शन में जिले में विभिन्न कार्यक्रम व गतिविधियां आयोजित की जा रही है।

## डीजल, पेट्रोल एवं एलपीजी की पर्याप्त आपूर्ति कराई जा रही सुनिश्चित

**नवभारत/ नरसिंहपुर।** जिला आपूर्ति अधिकारी नरसिंहपुर ने बताया कि जिले में डीजल, पेट्रोल एवं एलपीजी की आपूर्ति तथा नियंत्रण को दृष्टिगत रखते हुए अधिकारियों द्वारा लगातार जांच कर कार्यवाही की जा रही है। ऑयल कम्पनियों के अधिकारियों से समन्वय स्थापित कर जिले में डीजल, पेट्रोल एवं एलपीजी की पर्याप्त आपूर्ति सुनिश्चित कराई जा रही है। जिला आपूर्ति अधिकारी नरसिंहपुर ने जिलेवासियों से अपील करते हुए कहा कि अपनी खपत अनुसार ही डीजल, पेट्रोल एवं एलपीजी का क्रय और भंडारण करें। अनावश्यक स्टॉक का संग्रहण नहीं करें। वर्तमान में जिले में डीजल, पेट्रोल एवं एलपीजी का पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध है। ऑयल कम्पनियों के डिपो से नियमित रूप से आपूर्ति संचालित है। सोशल मीडिया एवं अन्य स्त्रोतों से डीजल, पेट्रोल एवं एलपीजी के संबंध में प्राप्त होने वाली भ्रामक जानकारियों पर ध्यान न दें और उनसे बचें।



## मुआर घाट पर गूंजी मां रेवा की महिमा संगीतमय महाआरती और दीपदान का आयोजन

**नवभारत/ गोटेगांव** के समीपवर्ती मुआर घाट पर जगत जननी माँ नर्मदा की भक्ति का अनूठा संगम देखने को मिला। नगर की अग्रणी धार्मिक संस्था माँ रेवा महाआरती समिति के तत्वाधान में विगत 10 वर्षों से निरंतर चली आ रही सोमवार की साप्ताहिक महाआरती इस बार विशेष उत्साह के साथ संपन्न हुई। आचार्य पंडित राकेश तिवारी के सानिध्य में भगवान पारदेश्वर महादेव का विधि-विधान से पूजन-अर्चन किया गया। इस विशेष आयोजन में अनीश खरया के जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में श्रद्धालुओं ने बड़ी संख्या में एकत्रित होकर माँ रेवा की संगीतमय आरती की और तट पर दीपदान कर पुण्य लाभ अर्जित किया। आरती के पश्चात क्षेत्रीय कलाकारों द्वारा प्रस्तुत किए गए देवी गीतों और भजनों ने समां बांध दिया, जिसकी उपस्थित जनसमूह ने मुक्त कंठ से सराहना की। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित श्रद्धालुओं को महाप्रसाद का वितरण किया गया। इस धार्मिक अनुष्ठान में बड़ी संख्या में धर्मप्रेमी जनता और समिति के सदस्य उपस्थित रहे।

# भक्ति के साथ पर्यावरण संरक्षण का संकल्प



**गोटेगांव/नरसिंहपुर** नगर स्थित विलासो माता (चूड़ी वाली माता) मंदिर में मातृशक्तियों द्वारा पर्यावरण संरक्षण की एक अनूठी और प्रेरणादायी मिसाल पेश की गई है। मंदिर परिसर में आयोजित एक विशेष कार्यक्रम के दौरान उपस्थित सभी श्रद्धालुओं ने मंदिर को %प्लास्टिक मुक्त% बनाने का सामूहिक संकल्प लिया। इस पहल के अंतर्गत अब कन्या पूजन एवं अन्य धार्मिक आयोजनों में डिस्पोजेबल के स्थान पर केवल स्टील के बर्तनों का ही उपयोग किया जाएगा। स्नेहलता श्रीवास्तव के संचालन में आयोजित इस कार्यक्रम में भजनों के साथ-साथ गंभीर पर्यावरणीय संकटों पर भी चर्चा की गई। महिलाओं ने संकल्प लिया कि वे दैनिक जीवन में प्लास्टिक का न्यूनतम उपयोग कर कपड़े की थैलियों को बढ़ावा देंगी। साथ ही, गीला और सूखा कचरा अलग रखने, फलों के बीजों से नए पौधे तैयार करने और अर्थ आवर के तहत हर वर्ष मार्च के अंतिम शनिवार को एक घंटे के लिए अनावश्यक बिजली बंद रख धरती माँ को विश्राम देने का निश्चय किया गया। इस अवसर पर प्रवीणा गोस्वामी ने अधिक से अधिक वृक्षारोपण करने का आग्रह किया। कार्यक्रम में श्रीमती वर्षा सोनी को %पर्यावरण सखी% के खिताब से नवाजा गया, जबकि प्रश्न मंच प्रतियोगिता में निधि राय, पुष्पा मेहरा और शकुन नामदेव ने सक्रिय भूमिका निभाई। इस पावन आयोजन में श्रीमती संध्या कोठारी, मिथिलेश भार्गव, स्वाति जायसवाल, गीता बेदी, चेतना दुबे, टीना दुबे, अनुराधा नामदेव, सावित्री राजपाल, कल्पना विश्वकर्मा और विमला चौरसिया सहित अनेक मातृशक्तियाँ उपस्थित रहीं।

# धूमधाम से मनेगा रामनवमी और हनुमान जन्मोत्सव



**नवभारत/ साईंखेड़ा ।** आध्यात्मिक ऊर्जा के केंद्र और दादाजी धूनी वाले की पावन तपोभूमि साईंखेड़ा में आगामी धर्म उत्सवों को लेकर अभी से उल्लास का वातावरण निर्मित हो गया है। मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम के जन्मोत्सव रामनवमी और संकटमोचन श्री हनुमान जन्मोत्सव को दिव्य, भव्य और अभूतपूर्व ढंग से मनाने के लिए हिंदू उत्सव समिति के युवा कार्यकर्ताओं ने कमर कस ली है। नगर के युवाओं की टोलियां घर-घर जाकर जनसहयोग और श्रद्धा राशि एकत्रित करने के अभियान में जुट गई हैं।

### भक्तिमय वातावरण और युवाओं का संकल्प

हिंदू उत्सव समिति के तत्वावधान में इस वर्ष आयोजनों को भव्य स्वरूप देने का निर्णय लिया गया है। समिति के ऊर्जावान कार्यकर्ताओं का कहना है कि साईंखेड़ा की गौरवशाली परंपरा को अक्षुण्ण रखते हुए इस बार न केवल भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी, बल्कि विभिन्न धार्मिक और सांस्कृतिक अनुष्ठान भी संपन्न होंगे। युवाओं द्वारा किए जा रहे इस प्रयास का उद्देश्य नगर के प्रत्येक नागरिक को इस पुनीत कार्य से जो ?ना है।

### घर-घर पहुंच रही टोलियां

नगर के विभिन्न वार्डों और मुख्य बाजारों में युवाओं की टोलियां उत्साह के साथ भ्रमण कर रही हैं। व्यापारियों और धर्मप्रेमी जनता द्वारा भी इस अभियान में बचकर सहयोग प्रदान किया जा रहा है।

कार्यकर्ताओं ने बताया कि एकत्रित राशि का उपयोग नगर की विद्युत सज्जा, भगवा ध्वजों से सजावट, महाप्रसाद (भंडारा) और भव्य चल समारोह की तैयारियों में किया जाएगा।

### बुजुर्गों और प्रबुद्ध जनों ने की सराहना

युवाओं के इस धार्मिक और सामाजिक जुड़ाव को देखकर नगर के वरिष्ठ नागरिकों और प्रबुद्ध जनों ने उनकी सराहना की है। लोगों का कहना है कि अपनी संस्कृति और संस्कारों को सहेजने के लिए युवाओं का इस प्रकार आगे आना एक सकारात्मक संकेत है। समिति के सदस्यों ने नगरवासियों से अपील की है कि वे अपनी श्रद्धा अनुसार इस महोत्सव को दिव्य बनाने में अपना योगदान दें।

### नगर में होगी विशेष सजावट

आगामी त्यौहारों को देखते हुए पूरे साईंखेड़ा नगर को भगवामय करने की योजना है। प्रमुख चौराहों और मंदिरों पर विशेष लाइटिंग और सजावट की जाएगी। हिंदू उत्सव समिति जल्द ही आयोजनों की विस्तृत रूपरेखा और शोभायात्रा के मार्गों की घोषणा करेगी, जिससे पूरे जिले में साईंखेड़ा के इन उत्सवों की गूँज सुनाई दे।

## दबंगों ने सिकमी की जमीन पर किया अवैध कब्जा, पीड़ित ने प्रशासन से लगाई न्याय की गुहार



**नवभारत/ गोटेगांव।** नगर के देवमुरलीधर वार्ड निवासी अरविंद कुमार ने गोटेगांव अनुविभागीय अधिकारी कार्यालय और पुलिस थाने में आवेदन देकर दबंगों द्वारा अपनी सिकमी ली गई भूमि पर अवैध कब्जे की शिकायत की है। आवेदक ने बताया कि उसने ग्राम सोहजनी मंजनी स्थित 15 एकड़ अस्थाई पट्टे वाली भूमि को वर्ष 2024 से 2027 तक के लिए विधिवत सिकमी पर लिया था, जिसके लिए वह प्रतिवर्ष 1,65,000 रूपये की राशि का भुगतान कर रहा है। पीड़ति अरविंद कुमार के अनुसार, पिछली फसल अत्यधिक वर्षा के कारण बर्बाद हो जाने से उसकी आर्थिक स्थिति खराब हो गई थी, जिस कारण वह कुछ समय तक खेत पर कार्य नहीं कर सका। इसी का लाभ उठाकर क्षेत्र के दबंग दुर्गेश कुमार ठाकुर और रामजी पटेल ने उक्त भूमि पर अवैध कब्जा कर उड़द-मूंग की फसल की बोनी कर दी। जब पीड़ति को इसकी जानकारी मिली और वह खेत पर पहुँचा, तो अनावेदकों ने उसे वहां से भगा दिया। आवेदक का आरोप है कि दबंगों ने उसे जान से मारने की धमकी देते हुए कहा कि यदि वह दोबारा खेत के आसपास नजर आया, तो उसे अपनी जान से हाथ धोना पड़ेगा। पीड़ति ने शासन-प्रशासन से मांग की है कि उसे उक्त जमीन का कब्जा वापस दिलाया जाए और इन दबंगों के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही कर उसे सुरक्षा प्रदान की जाए।